तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम



श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनूपपुर।** राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 9 बजे जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे।

### कलेक्ट्रेट व जिपं में प्रातः 8 बजे होगा ध्वजारोहण

**अनूपपुर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा। जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर दलीप कुमार पाण्डेय ने संयुक्त कलेक्ट्रेट में संचालित सभी विभागों के शासकीय सेवकों से 15 अगस्त को प्रातः 7:45 बजे तक संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रांगण में उपस्थिति की अपील की है। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण संपन्न होगा। जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय के पूर्व उपस्थित होने को कहा है।

### स्वच्छता व हर घर तिरंगा अभियान आयोजित

**अनूपपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर हर्षल पंचोली के दिशा निर्देशन में स्कूलों में चित्रकला, निबंध, रैली और रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि विद्यार्थियों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। इसी अनुक्रम में जिले के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर के विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से तिरंगा की आकृति बनाया गया।

### 14 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़

**मनेन्द्रगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ भगत सिंह चौक से प्रारंभ होकर पीडब्ल्यूडी तिराहा होते हुए आमाखेरवा मैदान में संपन्न होगी। कलेक्टर के आदेशानुसार जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस स्वतंत्रता दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उत्साह को बढ़ाने में सहयोग करें।

### कलेक्टर जनदर्शन में 15 आवेदन मिले

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 12 अगस्त को जनदर्शन में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए।

### तिरंगा यात्रा में करीब 104 गांव से उमड़ा जनसैलाब

# देशभक्ति के नारों से गूंजा सोनहतः निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिले के सोनहत में 12 अगस्त को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा स्टेडियम से बस स्टैंड तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकगण की गरिममयी उपस्थिति में किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी मुख्य चौराहा, बाजार मार्ग होते हुए देशभक्ति के नारों और तिरंगे की लहराती शान ने पूरे नगर को एक नए उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, यह तो केवल एक स्तर पर शुरूआत है, हमें इस कार्यक्रम को सोनहत क्षेत्र के गांव-गांव और प्रत्येक बूथ तक लेकर जाना है। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सभी को संकल्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, ईश्वर राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, महामंत्री मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, रामप्रताप सिंह, नवरतन पाण्डेय, सुभाष जायसवाल, दीपक जायसवाल, सहादुर कमलवंशी, जनपद सदस्य, आलेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

## चिरमिरी में तिरंगा यात्रा का समापन, स्वास्थ्य मंत्री हुए शामिल




**चिरमिरी।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कई सालों की लड़ाई के बाद 15 अगस्त 1947 को प्राप्त प्रतीक झंडा तिरंगा के रूप में हमे मिला और आज हम इसी तिरंगे की आन, बान शान को लेकर तिरंगा यात्रा निकाले हैं, तथा देश की पीढ़ियों को तिरंगे की पहचान बताने कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किए जा रहे हैं।

स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बड़ा बाजार दुर्गा पंडाल में तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर कही। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी खड़गवां मंडल की ओर से हाईस्कूल खड़गवां से पैदल भव्य तिरंगा यात्रा की शुरूआत हुई और जनपद पंचायत खड़गवां के जय स्तंभ स्मारक में समापन किया गया। इस पैदल तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में स्कूली बच्चे हाथों में भारत माता का ध्वज लेकर भारत माता की जय, हिंदुस्तान अमर रहे, भारत के बीर सपूत जिंदाबाद के नारे पूरी यात्रा के दौरान लगाते रहे। इन बच्चों ने आज भारत देश के शहीद जवानों को तिरंगा यात्रा के माध्यम से याद किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल खुद तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते देखे गए। श्री जायसवाल के साथ खड़गवां भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा और स्थानीय जन यात्रा में बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दिए। इसी तरह एमसीबी जिले के चिरमिरी मंडल में भी भव्य तिरंगा यात्रा दोपहर 2 बजे बड़ा बाजार के भाजपा कार्यालय से शुरू की गई। चिरमिरी की यह तिरंगा यात्रा बाइक रैली ⏭ शेष पेज 4 पर



# पुलिया ध्वस्त : घरों में घुसा नाली का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

▪ ठेकेदार की लापरवाही उजागर

नगर पालिका शिवपुर चरचा के चेहरापारा वार्ड क्रमांक 2 और 15 के बीच करीब दो महीने पहले बनी पुलिया धंसने से वार्डवासियों की परेशानी बढ़ गई है। गलत निर्माण और पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात का पानी घरों के पास जमा हो रहा है, इससे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कलेक्टर, स्वास्थ्य अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष को लिखित शिकायत देकर पुलिया की तत्काल मरम्मत और पानी निकासी की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने दोषी ठेकेदार का भुगतान रोकने और जांच पूरी होने तक कार्रवाई करने की मांग भी की। वार्डवासियों का कहना है कि जमा पानी से घरों की दीवारें कमजोर हो रही हैं और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि मेन रोड बंद होने से भारी वाहन पुलिया से गुजरे, इससे धंसाव हुआ। संबंधित ठेकेदार को सुधार के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है और इंजीनियर पर भी कार्रवाई होगी। दोषी पाए जाने पर भुगतान में कटौती की जाएगी।

# मानस भवन के बगल में कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



गली में पड़ा कचरे का ढेर।

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर अधिक गंभीर नहीं है, इसके चलते शहर के कई क्षेत्रों में कचरे का ढेर देखा जा सकता है।

इसी तरह की स्थिति शहर के मानस भवन के बगल की गली में कचरे का ढेर अक्सर देखा जा सकता है। नपा परिषद के पास पर्याप्त सफाई कर्मी है और कचरा ढोने के लिए वाहन भी उपलब्ध है बावजूद शहर क्षेत्र में सफाई का हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार शहर के मानस भवन की गली में आए दिन कचरे का ढेर सीसी सड़क किनारे डंप कर दिया जाता है और इसके बाद यहां के कचरे को सुरक्षित जगह पर निपटान करने के लिए नहीं ले जाया जाता, बल्कि कचरे के ढेर में आग लगाकर नष्ट कर दिया जाता है। इस गली में डंप किए गए कचरे को अक्सर जला दिया जाता है, जबकि नियमानुसार उक्त स्थल पर डंप किए गए कचरे को वाहन में उठाकर सुरक्षित जगह जहां कचरे को निपटान किया जााता है, वहां ले जाना चाहिए, लेकिन इस जगह के कचरे को लेकर हमेशा ही लापरवाही बरती जाती है। कई बार तो ऐसा भी नजारा देखने को मिलता है, जबकि मानस भवन की गली में ढेर लगाए कचरे के बीच मवेशी अपना निवाला ढूंढते हुए प्लास्टिक को खाते हैं, इससे पशुओं के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। नपा प्रशासन को चाहिए कि उक्त स्थल पर डंप किए जाने वाले कचरों को सुरक्षित जगह ले जाकर निपटान करें।

### आंबा कार्यकर्ता के 20 पदों पर होगी भर्ती

**बैकुण्ठपुर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 16 आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र रटंगा, बरदिया-अ, पण्डोपारा और खजूरपारा, में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पटेलपारा, स्टेशनपारा,झलरापारा, घसियापारा, माझापारा, हरिजनपारा, पहटपारा, केमाडांड़, भदरिवहापारा, सलहनवापारा,सागाडांड़, चर्चपारा, खलपारा, डुमरबहरा, हरिजनपारा उमझर, कसरा-ब में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए 30 अगस्त तक अपना दावा आपत्ति जमा कर सकते हैं। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## परेड की तैयारी...




**बैकुण्ठपुर।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में चल रही है। इस दौरान रामानुज हाईस्कूल के बच्चे मार्च पास्ट का अभ्यास करते दिखाई दिए।

## महिला से दुष्कर्म, आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिले के थाना सोनहत पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया।

पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अगस्त की रात करीब 10 बजे जब वह अपने बच्चों के साथ घर पर सो रही थी और उसका पति बाहर काम पर गया था, गांव का ही अजीत सिंह उम्र 23 घर आया, दरवाजा खटखटाया और खोलते ही उसका हाथ पकड़कर, मुंह दबाकर जंगल ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अजीत सिंह पिता चितनारायण सिंह निवासी ग्राम धनपुर चौकी रामगढ़ को 24 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। गिरफ्तारी कार्रवाई में थाना प्रभारी सोनहत निरीक्षक हेमंत अग्रवाल, प्रधान आरक्षक अमरलाल टोप्पो, महिला प्रधान आरक्षक लूना सिंह और आरक्षक विमल जायसवाल की अहम भूमिका रही।

### कलेक्टर ने 52 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 52 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम पुष्पराजगढ़, सभी तहसीलों के तहसीलदारों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनी।

# कोरिया को समृद्ध जिला बनाने नशा मुक्त करना जरूरी

**बैकुण्ठपुर।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में कोरिया जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरिया जिले को समृद्धि के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि यह नशे से दूर हो। सभी अधिकारी इस मामले में सक्रियता से स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल के आसपास स्थित दुकानों एवं मेडिकल स्टोर्स की सख्ती से जांच करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी शिक्षण संस्थान से 100 मीटर के दायरे में आने वाली दुकान में नशीले पदार्थ बिक्री करते हुए पाए जाते हैं, तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने पुलिस विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि जिले में आने वाले बाहरी वाहनों की सघन जांच की जाए, ताकि नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों और स्कूली बच्चों को इस बुराई के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस कड़ी में समाज कल्याण विभाग को स्कूल कॉलेज में व्यापक नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस बैठक में कलेक्टर डीडी मंडावी सहित समिति के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अपहृत बालक को पुलिस ने रायपुर से किया बरामद किया परिजन के सुपुर्द

**सूरजपुर।** थाना अन्तर्गत एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 16 वर्षीय पुत्र 6 अगस्त की सुबह बिना बताए कहीं चला गया जिसकी काफी खोजबीन करने पर नहीं मिला। परिजन ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने गुम इंसान कायमी उपरान्त अपहरण की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दिया। अपहृत बालक की तलाश के दौरान पुलिस ने जब तकनीक की मदद ली तो पता चला की अपहृत बालक वर्तमान में रायपुर में है। पुलिस टीम रायपुर रवाना हुई और गहन खोजबीन के बाद बालक को दस्तयाब कर वापस लाया तथा परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### ज्यादातर स्कूलों में कार्यरत सफाई कर्मी जुलाई के बाद से नहीं आ रहे ड्यूटी पर

# स्कूलों में बिगड़ी व्यवस्था, अंशकालीन सफाई कर्मी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



स्कूल के अंशकालीन सफाई कर्मियों के द्वारा हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले के स्कूलों में साफ-सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। आगामी 15 अगस्त को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों से ही परिसर की साफ-सफाई करा रहे हैं, वहीं विद्यालय में झाड़ू लगाने का काम कई विद्यालयों में बच्चे ही कर रह हैं, जबकि कुछ विद्यालयों में सफाई कर्मियों के अनुपस्थित रहने के कारण मध्यान्ह भोजन सहायिकाओं के द्वारा ही साफ-सफाई किया जा रहा है।

विदित हो कि जून महीने में स्कूल खुलने के बाद स्कूल के अंशकालीन सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए थे, इसके बाद से जिले के ज्यादातर स्कूलों में कार्यरत स्कूल सफाई कर्मी जुलाई बीतने के बाद अब तक स्कूलों में अपनी ड्यूटी पर नहीं आए हैं। कई जगहों के सफाई कर्मी हड़ताल चल रहा है कि बात कहकर अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहे है, इसके चलते स्कूल प्रबंधन की परेशानियां बढ़ गई है। इस तरह की स्थिति में स्कूल प्रबंधन मजबूरी में बच्चों से साफ -सफाई कार्य करा रहे हैं। इस दौरान कई विद्यालय प्रबंधन डर के बच्चों से सफाई कार्य करा रहे हैं कि कहीं अधिकारी को इसकी जानकारी न हो जाए, क्योंकि बच्चों से साफ-सफाई कार्य नहीं कराया जाना है, लेकिन आगामी दिवस स्वतंत्रता दिवस को लेकर परिसर की साफ-सफाई बच्चों से कराई जा रही है।

#### मौखिक सूचना से हड़ताल पर

स्कूल के अंशकालीन सफाई कर्मी अपने विद्यालय प्रबंधन को मौखिक सूचना देकर हड़ताल पर चल रहे हैं। स्कूल सफाई कर्मियों का कहना है कि उनका हड़ताल रायपुर में चल रहा है, लेकिन जिले के ज्यादातर विद्यालयों के सफाई कर्मी हड़ताल के नाम पर अपने गांव में ही रह रहे और विद्यालय में अपने काम का बहिष्कार कर हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं।

#### अफसर नहीं ले रहे जानकारी

स्कूल के अंशकालीन सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल पर रहते करीब डेढ़ माह से अधिक हो गए हैं और अभी निश्चित भी नहीं है कि कब तक वे हड़ताल पर रहेंगे। इतने दिन बीत जाने के बाद भी विभाग के अधिकारी यह जानकारी विद्यालय से नहीं मांग रहे हैं कि कितने विद्यालयों के सफाई कर्मी हड़ताल पर चल रहे हैं।

## पर्ची काउंटर की व्यवस्था में सुधार हो, सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



ज्ञापन सौंपते सांसद प्रतिनिधि।

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के पर्ची काउंटर में इन दिनों भारी भीड़ चल रही है, इसे लेकर सांसद प्रतिनिधि पीजी कॉलेज बैकुंठपुर शशि कुमार मॉझी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित व्यवस्था कराने की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिला चिकित्सालय के पर्ची काउंटर में इन दिनों मौसमी बीमारियों वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं, इसके चलते पर्ची काउंटर में भारी भीड़ जुट रही है, कई ऐसे मरीज होते हैं जो जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आते हैं और उनकी बारी आते तक चिकित्सक का लंच टाइम हो जाता है और मरीज अपना उपचार नहीं करा पाता, वहीं कई मरीज ऐसे भी हैं, जिनके पास मोबाइल नहीं होता है, इसके चलते उन्हें भी परेशानी होती है। शशि कुमार माझी ने जिला चिकित्सालय के पर्ची काउंटर में उचित व्यवस्था बनाने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** भारतीय किसान संघ द्वारा जिला अध्यक्ष बलरामपुर के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान संघ ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मनमानी ढंग से विद्युत कटौती की जा रही है जिससे किसान परेशान है। खेती किसानी का सीजन है और सहकारी समितियां में खाद की आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पा रही है, पूरे जिले भर में खाद की कालाबाजारी की जा रही है। कई क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा यूरिया खाद 266 की जगह 800 रुपए तक में बेचा जा रहा है। इस तरह डीएपी खाद 1350 की जगह में 2000 रुपए में बिक्री हो रही है जिससे किसानों को महंगी कीमतों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा, सुरेश सिंह, बैजू कुशवाहा, हरी लाल, विपिन सिंह, विदुर सिंह व अन्य मौजूद थे।

### बरियों मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**राजपुर।** बरियों में भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा से पहले मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व मे बैठक कर चर्चा की गई। इसके साथ ही नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कमल राम, बीडीसी सुमन गुप्ता, खुखरी बीडीसी हरि नागेश, सरपंच रवि टेकाम, बादा धर्मराम, ककना सरपंच कुमार साय, आमडी सरपंच धर्मपाल, उपसरपंच राजकमल जायसवाल, मंडल महामंत्री बसंती राजवाड़े, सुनयना, सुरेश यादव, वीरेंद्र जायसवाल, सुरेश जयसवाल, रमाकांत पांडे, अमर गुप्ता, घासी पंडा, मिथिलेश पटेल, शैलेंद्र दास, रामा शकर, शंकर, शिव प्रसाद, कृपा शंकर, अरुण, मुरारी, कांत जायसवाल, राजकुमार व अन्य मौजूद थे।

### नगर में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शंकरगढ़।** सोमवार को शासकीय कन्या उमावि एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गणेश चौक बचवार से लेकर जनपद पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शंकरगढ़ चिंतामणि भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंह देव, जिला पंचायत सदस्य संगीता पैकरा, जनपद सदस्य तिलासाय मंडल, अध्यक्ष विवेक जायसवाल, अमिताभ सिंह देव, राजेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रेम गिरी, नीरज कश्यप, पूजा कश्यप, योगेश यादव, अखिलेश दुबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, प्राचार्य, शिक्षक रैली में शामिल हुए।

### पत्नी के मायके जाने पर युवक ने तलवार लेकर जमकर मचाया उत्पात

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम दुरती खदरापारा निवासी हरकलाल शुक्रवार को शराब के नशे में धुत होकर मां कुंती बाई से पत्नी को मायके भेजने का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने और घर से तलवार निकाल कर उत्पात मचाने लगा। घटना की जानकारी लगते ही चचेरे भाई देव सिंह बीच बचाव करने के साथ तलवार को छीनने लगा तो हरकलाल ने उस पर हमला कर दिया। इसी बीच अन्य लोगों ने बीच बचाव कर किसी तरह युवक के पास से तलवार को छीना। देव सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम उरबा में दबिश देकर अवैध महुआ शराब जप्त की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम उरबा निवासी सुखलाल राठिया अपने घर के बाड़ी में बिक्री के लिए महुआ शराब रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुखलाल राठिया पिता सोभीत राठिया निवासी उरबा के कब्जे से कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रुपए को जप्त किया गया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## नियमित नहीं होती कक्षाओं की सफाई, कचरा के बीच पढ़ते हैं बच्चे

# साफ सफाई के अभाव में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर


जिले में एक ओर जहां कुछ दिन पूर्व बड़े ही धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया और नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर, गणवेश, पुस्तक देकर स्वागत किया गया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल प्रबंधन के देख रेख के अभाव में स्कूल की हालत दयनीय हो गई है। आलम यह है कि स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे परिसर सहित कक्षाओं में नियमित सफाई नहीं होने से कक्ष में फैले कचरा के बीच पढ़ाई करने तथा परिसर में खेलने को मजबूर है। इधर परिजन ने स्कूल की सफाई नहीं होने से नाराजगी जताई है।

**खास बात**
- परिसर में जगह जगह फैला कचरा

शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूल की तरह न सिर्फ व्यवस्था हो बल्कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आए इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। नगर पंचायत प्रतापपुर में शासन की उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है लेकिन स्कूल प्रबंधन की लापरवाही तथा देख रेख के अभाव में स्कूल परिसर कूड़ा करकट में तब्दील हो गया है। यहां तक की साफ सफाई के अभाव में स्कूल परिसर में जगह जगह कचरा है वही कक्षाओं में भी सफाई के अभाव में कचरा बिखरे हुए है। हैरानी की बात तो यह है कि जो छत्तीसगढ़ सरकार के स्टैंडर्ड स्कूलों में गिनती आती है उसकी हालत दयनरीय है।स्कूल में प्रारंभ से ही चपरासी का अभाव है। हालांकि सरकार द्वारा प्यून अटैच किया है लेकिन वह भी नहीं आता। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि स्कूल में कोई चपरासी है ही नहीं जिससे चपरासी के अभाव में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। नियमित साफ सफाई नहीं होने से स्कूल की हालत दयनीय होती जा रही है। स्थिति यह है कि बच्चे कूड़ा करकट गंदगी के बीच स्कूल में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्कूल में 15 दिन या माह भर में एक बार झाड़ लगाता है जिससे बच्चों के मानसिक स्थिति में भी गिरावट आ रही है। कूड़ा करकट लगातार बढ़ने से मच्छरों का प्रकोप एवं कीटाणु कीड़े स्कूल के अंदर रेंगते रहते हैं जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने पर शिक्षकों ने कई बार प्रशासन से चपरासी की मांग की लेकिन आज तक मांग पूरी नही हो सकी जिससे स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां स्कूल में ही उड़ाई जा रही है।



स्कूल परिसर में फैले कचरा।



क्लास में बीखरे कचरा।

**असामाजिक तत्वों का बना अड्डा**

एम ओर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भृत्य के नहीं होने से साफ-सफाई की समस्या से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों ने और भी समस्या बढ़ा दी है। इतने बड़े स्कूल परिसर का रख रखाव और सफाई अच्छे सके और असामाजिक तत्व परिसर में दाखिल न हो इसे लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूल परिसर खुला होने तथा कोई गार्ड के नहीं होने पर शाम ढ़लते ही परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जहां नशेड़ी बड़े आराम से नशाखोरी कर परिसर में ही कचरा फैला कर चले जाते है।

**परिजन में आक्रोश**

बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके मद्देनजर प्रतापपुर सहित आसपास के गांव के बड़ी संख्या में परिजन ने अपने बच्चों का स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला कराया है। लेकिन स्कूल में साफ-सफाई नहीं होने तथा बरसात के इस मौसम में मच्छरों सहित गंभीर बीमारी के खतरा को लेकर परिजन चिंतित है। स्कूल में नियमित साफ-सफाई नहीं होने तथा बच्चों के सेहत से खिलवाड़ करने पर परिजन में काफी आक्रोश है।

**जांच करने करूंगी निर्देशित**

मामले की जांच करने के लिए तत्काल दिशा निर्देशित करूंगी, अगर स्कूल में प्यून नहीं भी है तो सफाई की जिम्मेदारी प्राचार्य की होती है। स्कूल सभी का है।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

**स्कूल का करूंगा निरीक्षण**

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में सफाई नहीं होती है इसकी जानकारी नहीं है। सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मै स्वयं स्कूल का निरीक्षण करूंगा।

-एमएस धुर्वे
विकासखंड शिक्षा अधिकारी



## बाइकर्स गैंग ने शहर मचाया जमकर आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में बाइकर्स गैंग का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाइकर्स गैंग के युवक नगर में फर्राटे भर रहे है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शनिवार को भी नगर में बाइकर्स गैंग का उत्पात देखने को मिला जहां एक मासूम बच्चा बाल बाल बचा जबकि बाइक भिड़ंत में युवक घायल हो गया। बाइकर्स गैंग के आतंक से अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई थी। रक्षा बंधन और विश्व आदिवासी दिवस के कारण शनिवार को नगर में भारी भीड़ मौजूद थी और इसी भिड में बाइकर्स गैंग के लोग शराब के नशे में कानफोड़ू साइलेंसर लगाकर बाइक से उत्पात महकाते नजर आए। बाइकर्स बैंग के लोग गुट बनाकर नगर में तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। इस दौरान कई बार भीड़भाड़ वाले इलाके में लोग इनकी चपेट में आने से बाल बाल बचे। इसके बाद भी बाइकर्स गैंग की रफ्तार कम नही हुई और वो शहर में जमकर आतंक मचाते रहे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने साइकिल से घर जा रहे वार्ड क्रमांक 14 निवासी सोनू नामक व्यक्ति के मासूम बच्चे को टक्कर मार दी। इस दौरान बच्चे को चोट आई है और उसकी कलाई टूट गयी। इसके साथ ही बाइकर्स गैंग ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक युवक की बाइक के ऊपर चढ़ गई। गनीमत रही की बाइक चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। इस दोनों घटना में अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई थी लेकिन लोगो ने बीचबचाव कर मामला शांत कर दिया। नगर में आतंक और दुर्घटना का पर्याय बन चुके बाइकर्स गैंग पर पुलिसिया कार्यवाही का भी कोई असर होता नजर नही आ रहा है। पुलिस ने बीच बीच मे वाहन चेकिंग के दौरान मोडिफाइड साइलेंसर और तेज रफ्तार बाइकर्स गैंग के खिलाफ कार्रवाई भी की है इसके बाद भी बाइकर्स गैंग का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र सिंह मंडावी ने बताया की ऐसे बाइकर्स गैंग के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। मोडिफाइड साइलेंसर और बिना ड्राइविंग लाइसेंस बाइक चालक को पकड़ा गया है और नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

- बाल बाल बचा साइकिल सवार बच्चा

## यात्रियों से भरी यात्री बस पलटने से बची, यात्रियों में मचा हड़कंप




हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत चंदोरा से चिकनी जजावल जाने वाली सड़क की स्थिति बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे अब हादसे को न्योता दे रहे है। आज उस समय एक बड़ी दुर्घटना टल गई जब यात्रियों से खचाखच भरी यात्री बस पलटने से बाल-बाल बच गई। इस बीच यात्रियों में हड़कंप मच गया था।

हर रोज की भांति आज सवारी लेकर जा रही यात्री बस चंदोरा से महज कुछ दूर ही गड्ढों में फंसकर पटलने की स्थिति में थी जबकि बस में लगभग 80 से 100 यात्री बैठे थे। बस के पलटने की स्थिति निर्मित हो जाने से सवारियों के बीच अफरा तफरी मच गई थी। हालांकि चालक सूझबूझ और ग्रामीणों की मदद से बड़ी घटना टल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार पर निष्क्रियता और लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के मनमानी रवैया के कारण ऐसी स्थिति बनी है। रास्ता इतना खतरनाक हो गया है कि बाइक से आना-जाना तो दूर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। ठेकेदार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं जा रहा जिसका परिणाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

- जर्जर सड़क को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश

ग्रामीणों ने सड़क बनाने की मांग की है और अगर तत्काल सड़क बनाने की प्रक्रिया आरंभ नहीं की जाती है तो गांव वाले उग्र आंदोलन चक्का जाम करेंगे।

## युवती से छेड़छाड़, आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी युवती से छेड़छाड़ और मारपीट को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही आदिवासी समाज ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि पुलिस ने इस मामले में पहले ही छेड़छाड़ के आरोपी युवक पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। विदित हो कि 9 अगस्त को ढेलसरा निवासी उमेश प्रधान ने युवती से छेड़छाड़ और मारपीट की थी। इस घटना की शिकायत पुलिस ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के धारा 296 351(2)115 (2) एवं 74 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं अब इस मामले को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही सर्व आदिवासी समाज ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूर्व मंत्री के नेतृत्व में सोमवार को समाज के लोगों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना निंदनीय है और आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और फरार चल रहे आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। कार्रवाई नहीं होने पर समाज ने आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सुशील सिंह मरावी, जिपं सदस्य शिवभरोष बेक, बिगन राम, कृष्ण कुमार सिंह, आरडी सिंह,,मनसुख राम, पार्षद अनमोल लकड़ा, इमानुएल लकड़ा, सरपंच सुखदेव भगत, नागेश्वर राम सहित अन्य मौजूद थे।




### जनपद सीईओ को हटाने की मांग, सर्व आदिवासी समाज ने किया धरना प्रदर्शन

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत सीईओ को हटाने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया तथा मांग पूरी नहीं होने पर जनपद कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। जनपद पंचायत प्रतापपुर के सीईओ डॉ. निपेंद्र सिंह को हटाने की मांग लेकर एक माह से सरपंचों द्वारा विरोध किया जा रहा है। सरपंचों ने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संभाग आयुक्त से मिलकर हटाने का मांग किया है। साथ ही एक दिन जनपद कार्यालय प्रतापपुर में भी धरना प्रदर्शन किया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर सरपंचों एवं जनपद सदस्य सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने विश्व आदिवासी दिवस के दिन जनपद कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज ने जनपद कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### उपमुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में सर्किट हाउस से गांधी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत तथा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा सहित अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में 'भारत माता तथा 'वंदे मातरम' के उद्घोष के साथ यात्रा निकाली गई। गणमान्य नागरिकों के साथ निकली तिरंगा यात्रा के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद हमारे देश की सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन करने के लिए ये तिरंगा यात्रा आयोजित है। हर भारतीय को तिरंगे पर नाज है तथा तिरंगा आज विश्व क्षितिज पर गर्व और स्वाभिमान से लहरा रहा है। इस दौरान पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, मधुसूदन शुक्ला, राजकुमार अग्रवाल, विकास पांडे, संतोष दास, अजय प्रताप सिंह, विजय व्यापारी, अनिल अग्रवाल, रजनीश पांडे, निश्चल सिंह, अनिल तिवारी, रिंकू वर्मा, रवीन्द्र भारती, रमेश जायसवाल तथा संजू वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### तिरंगा यात्रा रैली में शामिल हुई मंत्री राजवाड़े

**अम्बिकापुर।** भैयाथन में मंडल स्तर का तिरंगा रैली में निकाली गई। रैली में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सम्मिलित हुई। इस अवसर पर वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू , जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, भाजपा नेता शीतल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर युवकों ने भाई-बहन के साथ की मारपीट

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रायकेरा निवासी सरफराज खान आ.इम्तियाज खान (21 वर्ष) परिवार के साथ नवागढ़ किराए के मकान में रहकर खरसिया नाका के समीप टायर दुकान में काम करता है। शुक्रवार की रात बहन शाहीन बेगम के साथ नवागढ मस्जिद के समीप अंडा ठेला में अंडा लेने गया था। तभी वहां पहले से मौजूद बादल एवं उसके साथियों ने युवक को देख पहले गाली-गलौज किया फिर शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगे। जब युवक ने पैसा देने से इंकार किया तो सभी ने मिलकर भाई बहन के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इधर लड़ाई झगड़ा की आवाज सुनकर पिता इम्तियाज मौके पर बीच बचाव करने लगा तो बादल ने पत्थर से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 119,296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## हर घर तिरंगा प्रधानमंत्री का उद्घोष, प्रत्येक बूथ में 50 झंडे फहराएं : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के घर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा व विभाजन विभिषिका दिवस कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता व महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा तथा जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपमा सिंह के आतिथ्य में हुई।

- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई भाजपा की बैठक

बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि हर घर तिरंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्घोष है इसलिए प्रत्येक बूथ में कम से कम 50 झंडे जरूर फहराएं। 14 अगस्त को प्रत्येक शक्ति केंद्र में तिरंगा यात्रा आयोजित करना है साथ ही मंडल स्तर पर मोटरसाइकिल पर तिरंगा यात्रा निकालना है। उन्होंने कहा कि देश के विभाजन की त्रासदी को हमारी नई पीढ़ी देखे और विभीषिका को सहने वाले लाखों भारतवासियों का दर्द महसूस कर सके इसलिए यह दिवस मनाना जरूरी है। उन्होंने 14 अगस्त की सुबह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा महापुरूषों की प्रतिमा की साफ-सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित करने का आह्वान किया। अभियान के जिला प्रभारी व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा लगाना है तथा अपने परिवार के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया तथा सरल एप में डालना है। भारत के अलावा दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जिसका विभाजन धर्म के आधार पर हुआ हो। देश के प्रत्येक नागरिक को अपने देश का इतिहास जानना चाहिए। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं को उत्साह व समर्पण के साथ जुट जाना है। जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपमा सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान तिरंगा झंडा का अपमान न हो तथा शाम 5 बजे तिरंगा उतारा जाए इसकी चिंता भी करनी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीयों के युद्ध विराम कर दिया गया, भारत के लोग हाथों में तिरंगा लेकर सुरक्षित निकल गए ये हमारे तिरंगे की ताकत थी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, राजकुमार अग्रवाल, श्रीमती अरूणा सिंह, श्रीमती फूलेश्वरी सिंह, सावित्री जायसवाल, किरण मिश्रा, मधु चौदह, विकास पाण्डेय, अंकित जायसवाल, आलोक दुबे, विजय व्यापारी, मनोज कंसारी , निश्चल सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने की नव पदस्थ जिपं सीईओ से सौजन्य भेंट



**सूरजपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ से सौजन्य भेंट कर विभागीय समस्याओं से अवगत कराया। फेडरेशन ने बताया कि शिक्षाकर्मी कालखंड के सेवा सत्यापन अभाव में, जिला पंचायत द्वारा सेवा सत्यापन की कॉपी मांगी जाती है, जबकि कोर्ट से केस जीत चुके हैं और जिला पंचायत में राशि आकर जमा पड़ा हुआ है, लेकिन सेवा सत्यापन के अभाव में शिक्षकों तक राशि नहीं पहुंच पा रही है। इस सम्बंध में विधिवत पूर्ण समय देते हुए जिला पंचायत सीईओ ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उक्त मांग को सक्रियता से फेडरेशन के संयोजक डॉ. आरएस.सिंह के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती प्रतिमा सिंह एवं ब्लॉक फेडरेशन प्रतापपुर के संयोजक राजकुमार सिंह रखा। फेडरेशन महासचिव इक़बाल अंसारी ने मांगों का त्वरित निराकरण करने की पहल करने हेतु आग्रह किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष आदित्य शर्मा, प्रदेश लिपिक संघ के जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बागी 4 का टीजर रिलीज टाइगर और संजय भिड़े

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू की बागी 4 का टीजर रिलीज कर दिया है। इसको देखने के बाद लोगों के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ टाइगर से लेकर संजू बाबा की तारीफ कर रहे हैं तो किसी ने इतना वॉयलेंस दिखाने के लिए आलोचना भी की है। कोई इसे एनिमल तो कोई किल जैसा बता रहा है तो कोई इतना वॉयलेंस देख इसे कसाईखाना बोल रहा है। टीजर की शुरुआत टाइगर श्रॉफ के डायलॉग से होती है कि 'जरूरत हमारी जरूरी में फर्क होता है। अलीशा तेरी जरूरत थी और मेरे लिए जरूरी।' इस डायलॉग के दौरान संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू को रोते हुए दिखाया गया है।

लाइफ Style

# जैस्मीन

## इंडस्ट्री में होता है कास्टिंग काउच

टीवी एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन ने कास्टिंग काउच को लेकर एक खुलासा किया है। उन्होंने उस बुरे दौर को याद किया, जब वो खुद इसका शिकार हुई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे होटल के कमरे में उन्हें लॉक कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैस्मीन भसीन ने एक शो में कास्टिंग काउच पर खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं मीटिंग के लिए गई थी। सबसे पहले तो मैं एक आदमी को ड्रिंक करते और ऑडिशन के लिए कहते हुए देखकर डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। तो पहले तो मैं डर गई। उसके बाद उसने मुझसे कहा- तुम्हें ये सीन करना होगा। मैंने कहा- सर, ठीक है, मैं सीन तैयार कर दूंगी और कल आऊंगी। तो उसने बोला- नहीं नहीं, तुम्हें अभी करना होगा। तो मैंने कर दिया। इसके बाद उसने मुझसे कहा- नहीं ऐसे नहीं। मेरा मतलब है, वो मुझे खड़े होने के लिए कह रहा था और... उसने मुझे एक सीन बताया। उदाहरण के लिए- तुम्हारा बॉयफ्रेंड जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना होगा। तो मैंने वैसा ही किया। उसने कहा- नहीं, ऐसे नहीं। तुम्हें... उसने मुझे बंद कर दिया और कुछ और करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ठीक है, फिर मैंने अपनी स्किल का इस्तेमाल किया और मैं वहां से भाग गई। जैस्मीन ने खुलासा किया कि इसके बाद उन्होंने फैसला किया कि होटल रूम में कोई भी मीटिंग के लिए वो नहीं जाएंगी। अपनी जिंदगी में कभी नहीं जाएंगी। इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच को लेकर उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगी कि ये मौजूद है।



हॉलीवुड मसाला



# आज से ज्यादा बेहतर पुरानी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने पुरानी और नई फिल्मों की तुलना करते हुए कहा- मुझे लगता है कि पुरानी फिल्में आज से ज्यादा बेहतर हैं।' उनका मानना है कि अब फिल्में, निर्माण के जुनून से ज्यादा बिजनेस हितों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, 'कई बड़े स्टूडियो फिल्ममेकर्स नहीं, बल्कि व्यवसायी हैं। वे 4 करोड़ डॉलर का निवेश करते हैं और सोचते हैं- मैं इसे कैसे वापस पाऊंगा?



# थॉर के लिए पहले रिजेक्ट हो गए थे क्रिस हेम्सवर्थ

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में साल 1983 में जन्मे क्रिस ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि भारत में भी अपनी भूमिका थॉर के कारण एक लोकप्रिय नाम बन गए। क्रिस हेम्सवर्थ की थॉर वाली भूमिका पहले उनके छोटे भाई लियाम हेम्सवर्थ को मिलने वाली थी। क्रिस ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें पहले लगा था कि थॉर के लिए उनका ऑडिशन बिल्कुल बेकार गया। उन्होंने कई साल पहले थॉर के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन उन्हें कॉलबैक नहीं आया। इसके बाद उनके भाई उस रोल के काफी करीब थे, लेकिन फिर उन्होंने दोबारा से थॉर का ऑडिशन दिया और दूसरी बार उन्हें सिलेक्ट कर लिया गया। इन दो ऑडिशन्स के बीच भी क्रिस दूसरी फिल्में कर रहे थे, जिससे उनका कॉन्फिडेंस और एक्सपीरियंस बढ़ता गया।



# 10 साल पहले कर चुके हैं सैयारा का सीन

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के एक सीन में अहान का बाइक पर अनीत को ओवरशर्ट से बांधना वायरल हो गया है। नेटिजन्स ने अर्जुन कपूर की फिल्म 'तेवर' के एक पुराने सीन को याद किया, जिसमें उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा के साथ ऐसा ही किया था। एक खास सीन जिसने कई दर्शकों को हैरान कर दिया, वह था जब अनीत, अहान की बाइक पर बैठ जाती हैं तो अहान अपनी ओवरशर्ट उनकी कमर के पास डालकर उन्हें खुद से बांध लेते हैं। खैर, अब नेटिजन्स ने एक पुराना क्लिप खोज निकाला है, जिसमें दावा किया गया है कि अर्जुन ने यह हरकत सैयारा के ट्रेंड बनने से पहले की थी। सैयारा में, अहान पांडे ने दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया जब उन्होंने अनीत पड्डा के कमर के पीछे अपनी शर्ट बांधी, उन्हें कसकर खींचा और फिर बाइक पर तेजी से भाग निकले।



# एडवांस बुकिंग में कुली ने वॉर 2 को पछाड़ा

**मुंबई।** गुरुवार, 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले बॉक्स ऑफिस पर दो एक्शन थ्रिलर फिल्में आमने-सामने होंगी। एक तरफ 'स्पाई यूनिवर्स' की 'वॉर 2' है, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ इस बार जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी हैं। वहीं, दूसरी तरफ लोकेश कनगराज की तमिल क्राइम ड्रामा 'कुली', जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत लीड रोल में हैं। दोनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। उसमें कुली ने वॉर 2 को बुरी तरह पछाड़ दिया है। हालांकि, बुधवार तक बाजी पलट भी सकती है! वॉर 2 की एडवांस बुकिंग रविवार, 10 अगस्त को शुरू हुई है। जबकि कुली की एडवांस बुकिंग लिमिटेड स्क्रीन्स के साथ 8 अगस्त की शाम में ही शुरू हो गई थी। सोमवार दोपहर तक, हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन में वॉर 2 के लिए 6978 शोज की प्री-बुकिंग हो रही है।

टीवी मसाला

# दर्शक चाहते हैं सीरियल में लौटे आएं दिशा वकानी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी को दर्शक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'की दयाबेन के तौर पर खूब पसंद करते हैं। लेकिन, यह एक्ट्रेस एक लंबे वक्त से सीरियल में नजर नहीं आ रही हैं। हाल ही में जब सीरियल के प्रोड्यूसर असित मोदी रक्षाबंधन पर दिशा वकानी से मिले तो दर्शकों को उनकी वापसी की उम्मीद जाग गई। दिशा वकानी से शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में वापस आने की रिक्वेस्ट उनके फैंस कर रहे हैं। एक यूजर लिखता है, अब रक्षाबंधन पर अपने भाई को तोहफा दीजिए, शो में वापस आकर। एक अन्य यूजर ने लिखा, आप शो में वापस आ जाओ, आपके बिना शो देखने में मन नहीं लगता है। एक अन्य यूजर ने भी लिखा, जल्दी शो में वापस आ जाइए। अब देखना होगा कि क्या दिशा वकानी शो में दयाबेन के रोल में वापस आती हैं या नहीं। हाल ही में सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के प्रोड्यूसर असित मोदी ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिशा वकानी, उनके घर पहुंची हैं। रक्षाबंधन के त्योहार के मौके पर दिशा और असित मोदी की मुलाकात हुई। इस वीडियो को देखकर दिशा वकानी यानी दयाबेन के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने असित मोदी की पोस्ट पर दिशा वकानी से एक खास डिमांड कर दी। असित मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिशा वकानी उन्हें राखी बांध रही हैं। इस वीडियो को पोस्ट करने के साथ असित ने एक इमोशनल मैसेज भी लिखा है, वह लिखते हैं, कुछ रिश्ते किस्मत बुनती है। दिशा वकानी से खून का नहीं, दिल का नाता है।



## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में होगी नई एंट्री

**नई दिल्ली।** सालों बाद स्मृति ईरानी के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने छोटे पर्दे पर वापसी की है। पहले सीजन की तुलना में इस बार शो में कुछ बदलाव किए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके दर्शकों को 'क्योंक-2' कापी पसंद आया है। तुलसी के किरदार में दर्शकों को स्मृति ईरानी काफी एंटरटेन कर रही हैं, लेकिन अब इस शो में एक और एंट्री होने जा रही है जिसके बाद तुलसी की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल होने वाली है। चर्चा है कि एक्ट्रेस बरखा बिष्ट शो में एंट्री करने वाली हैं। सीरियल में बरखा की एंट्री के लिए माहौल तैयार किया जा चुका है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में हुए इस हाई वोल्टेज तमाशे की वजह से विरानी निवास में माहौल तनावपूर्ण हो जाएगा। बरखा का किरदार 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में तुलसी और मिहिर के बीच फासले बढ़ाता नजर आएगा। चर्चा है कि बरखा का किरदार शो में महज एक गेस्ट अपीयरेंस नहीं होगा, बल्कि मुख्य किरदार के तौर पर शो में बना रहने वाला है। लेकिन, तुलसी की जिंदगी में बरखा की वजह से कौन से ट्विस्ट आने वाले हैं, इस सवाल का जवाब भी हमें जल्द ही मिल जाएगा।



# देशभक्ति का जोश जगा देंगी ये आने वाली फिल्में

*नई दिल्ली। देशभक्ति की भावना को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली कुछ शानदार बॉलीवुड फिल्में जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और देश के प्रति समर्पण की कहानियों को दर्शकों के सामने लाएंगी। देशभक्ति का जोश जगा देंगी ये सभी आगामी बॉलीवुड फिल्में। भारतीय सेना की वीरता और बलिदान की सच्ची कहानियों पर आधारित हैं, जो दर्शकों में देशप्रेम की भावना को और मजबूत करेंगी। इस लिस्ट में बॉर्डर 2, 120 बहादुर और इक्कीस जैसी फिल्में शामिल हैं।*

**बॉर्डर 2** : 1997 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है बॉर्डर 2। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की लड़ाई पर आधारित थी। बॉर्डर 2 भी देशभक्ति, साहस और बलिदान की भावना को दर्शाएगी। सनी देओल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे सितारे भी हैं। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। इसे जेपी दत्ता, निधि दत्ता, और भूषण कुमार प्रोड्यूस कर रहे। बॉर्डर 2, 23 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो सकती है।

**120 बहादुर** : 120 बहादुर, 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। यह फिल्म उस ऐतिहासिक घटना को दर्शाती है, जिसमें 120 भारतीय सैनिकों ने हजारों दुश्मनों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और इतिहास रच दिया। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी (परम वीर चक्र विजेता) की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म को रजनीश घई ने डायरेक्ट किया है। इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट (फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी) प्रोड्यूस कर रहा है।




**बैटल ऑफ गलवान'** : बैटल ऑफ गलवान, 15 जून, 2020 को लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुए भीषण संघर्ष पर आधारित है। यह फिल्म भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की कहानी को दर्शाएगी। यह उस घटना को श्रद्धांजलि देती है, जिसमें कई भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। सलमान खान इस फिल्म में कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने शूटआउट एट लोखंडवाला जैसी फिल्में बनाई हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया जा चुका है।

**इक्कीस** : इक्कीस, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जिन्होंने 21 साल की उम्र में देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह फिल्म उनकी वीरता और बलिदान को दर्शाती है। धर्मेंद्र इस फिल्म में अरुण खेत्रपाल के पिता का किरदार निभा रहे हैं। अगस्त्य नंदा (अमिताभ बच्चन के नाती) लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की भूमिका में हैं। वरुण धवन, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन कर रहे हैं।

# रिकी ने लियोनार्डो से की शाहरुख की तुलना

**मुंबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार और पद्मश्री रिकी केज दिल्ली में चल रहे सेलिब्रेटिंग इंडिया फिल्म फेस्टिवल 2025 के तीसरे दिन शामिल हुए। इस दौरान केज ने जवान के लिए पहला नेशनल अवॉर्ड जीतने पर शाहरुख खान को लेकर भी बात की। वहीं, अपने हालिया रिलीज एल्बम गांधी मंत्रा ऑफ कम्पैशन पर भी उन्होंने बात की। शाहरुख के नेशनल अवॉर्ड जीतने पर रिकी केज ने प्रतिक्रिया देते हुए लियोनार्डो डिकैप्रियो की द रेवेनेंट के लिए पहली ऑस्कर जीत को याद किया। जहां कई लोगों को लगा कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, लेकिन यह उनके कॅरियर के लिए एक लंबे समय से प्रतीक्षित सम्मान था। केज ने कहा कि किंग खान ने अपने कॅरियर में काफी शानदार काम किया है। वो जवान से पहले ही इस सम्मान के हकदार थे। केज ने कहा कि लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ भी ऐसा हुआ था, जब उन्होंने द रेवेनेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता था। बहुत से लोग मानते हैं कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ काम नहीं था। लेकिन, जब उन्होंने द रेवेनेंट के लिए पुरस्कार जीता तो सभी उनके लिए बहुत खुश हुए।



## निर्देशक और गायक भी थे, फिल्मों में किया चार दशकों तक काम

# पाकिस्तान में जन्मे मनमोहन कृष्णा ने बॉलीवुड में इस तरह बनाई पहचान

*नई दिल्ली। दिवंगत कलाकार मनमोहन कृष्णा बॉलीवुड का बड़ा नाम हैं। वह अभिनेता होने के साथ निर्देशक और गायक भी थे। उन्होंने फिल्मों में चार दशकों तक काम किया। इस दौरान कई चरित्र भूमिकाएं निभाईं। कम ही लोगों को पता है कि वह सिंगर बनना चाहते थे, हालांकि वह एक्टर के तौर पर मशहूर हुए।*



### पहले बने भौतिकी के प्रोफेसर

मनमोहन कृष्ण का जन्म 26 फरवरी साल 1922 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। उन्होंने भौतिकी के प्रोफेसर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्हें कॉलेज में बच्चों को पढ़ाना पसंद था। उन्होंने भौतिकी में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की थी। उन्होंने कॉलेज में दो साल तक बच्चों को पढ़ाया, इसके बाद बॉलीवुड का रुख किया।

### रेडियो में की एंकरिंग

मनमोहन कृष्ण सिंगर बनना चाहते थे। इसलिए उनका रुझान रेडियो की तरफ था। वह कुछ दिनों तक रेडियो से जुड़े रहे। उन्होंने रेडियो शो 'कैडबरी की फुलवारी' नाम के एक गायन प्रतियोगिता का संचालन किया। यह कार्यक्रम काफी मशहूर हुआ।

### चोपड़ा बंधुओं के पसंदीदा थे कृष्ण

मनमोहन कृष्ण ने बॉलीवुड कॅरियर की शुरुआत बतौर अभिनेता अंधों की दुनिया (1947) से की थी। वह चोपड़ा बंधुओं के पसंदीदा अभिनेता थे। मनमोहन कृष्ण ने उनके द्वारा निर्देशित या निर्मित फिल्मों में कई छोटी-बड़ी भूमिकाएं निभाईं। दीवार, त्रिशूल, दाग, हमराज, जोशीला, कानून, साधना, काला पत्थर, वक्त और नया दौर में उन्होंने काम किया।

### सहायक अभिनेता के लिए मिला पुरस्कार

मनमोहन कृष्ण ने लगभग 250 फिल्मों में काम किया। इनमें से कई फिल्में कामयाब रहीं। उनकी बेहतरीन फिल्मों में दौर (1957), खानदान (1965), साधना (1958), वक्त (1965) और हमराज (1967) शामिल हैं। फिल्म बीस साल बाद (1962) में उनके अभिनय के लिए उनकी खूब तारीफ हुई। फिल्म धूल का फूल (1960) में उन्होंने अब्दुल रशीद की भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।



### गाने में आजमाया हाथ

फिल्मों में अभिनय और फिल्म का निर्देशन करने के साथ-साथ मनमोहन कृष्ण एक गायक भी थे। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि मनमोहन कृष्ण ने अपना पहला गीत 'झट खोल दे', देव आनंद की फिल्म अफसर (1950) में गाया था। इस गाने का संगीत एसडी बर्मन ने दिया था।

### आखिरी वक्त

मनमोहन कृष्ण एक कामयाब अभिनेता थे। आखिरी वक्त में वह बीमार हो गए थे। साल 1990 में 68 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया।

### कृष्ण की फिल्म को मिला नेशनल अवॉर्ड

मनमोहन कृष्ण ने ख्वाजा अहमद अब्बास की शहर और सपना (1963) में अहम भूमिका निभाई। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली इंडो-सोवियत सह-निर्माण फिल्म परदेसी (1957) में अभिनय किया। इस फिल्म को 1958 के कान फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन पाम के लिए नामांकित किया गया था। यही नहीं, मनमोहन कृष्ण ने 12 पंजाबी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

### निर्देशन में हासिल की उपलब्धि

फिल्मों में अभिनय करने के बाद मनमोहन कृष्ण ने निर्देशन में हाथ आजमाया। यहां भी वह कामयाब रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में यशराज फिल्म्स के लिए हिट फिल्म नूरी (1979) का निर्देशन किया। इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

## खबर संक्षेप

### रजत जयंती अवर पर नोडल नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के आदेशानुसार रजत जयंती के अवसर पर विकासखंड, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा टाईमलाइन एवं कार्यक्रमों के प्रतिभागी हितग्राही की अनुमानित संख्या सहित विस्तृत कार्ययोजना तैयार किया जाना है तथा निर्धारित विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा अनुसार रजत जयंती वर्ष 2025-26 आयोजन किया जाना है। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित कार्यक्रम संपन्न कराए जाने के लिए श्रीमती अंकिता सोम शर्मा, मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़ को नोडल अधिकारी एवं विनायक शर्मा अपर कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### जल जीवन मिशन के योजनाओं की समीक्षा

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन की समूह जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा बैठक 11 अगस्त को कार्यपालन अभियंता ओंकार सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुई। इसमें सभी ठेकेदार मौजूद रहे। बैठक में योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शेष कार्य 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि मोटर पंप एवं शेष पाइपलाइन के ऑर्डर 10 दिनों के भीतर जारी किए जाएं। लाई समूह जल प्रदाय योजना में अब तक 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे 30 सितंबर तक हर स्थिति में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए, इसी प्रकार उधनापुर में 71 प्रतिशत कार्य, खरलाधार में 65 प्रतिशत कार्य और चैनपुर में 27 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने सभी स्थलों पर शेष कार्यों को 31 दिसंबर की समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने की अनिवार्यता पर जोर दिया, इसके साथ ही टंकियों के कॉलम पाइप और वाल्व की खरीद 10 दिनों में पूरी करने के निर्देश भी दिए गए।

### सरगुजा संभागायुक्त 13 को करेंगे वाड्रफनगर का दौरा

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा 13 अगस्त को संभागीय भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 10.30 बजे अंबिकापुर से वाड्रफनगर के लिए प्रस्थान करेंगे और राजस्व एवं वन क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। भ्रमण के दौरान कमिश्नर दुग्गा वाड्रफनगर तहसील अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र, संरक्षित वन क्षेत्र, नारंगी वन क्षेत्र, छोटे-बड़े झाड़ के जंगल सहित विभिन्न स्थलों का मौके पर निरीक्षण एवं अभिलेखों का सत्यापन करेंगे।

### दो दिन बाद फिर होगी झमाझम बारिश

**अम्बिकापुर।** फिलहाल मौसम में बदलाव आने की संभावना नहीं है। मानसून द्रोणिका अभी भी हिमालय की तराई क्षेत्र के पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय है। मौसम विज्ञानी खाड़ी में हलचल होने तक मौसम के इसी तरह बने रहने एवं स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

## समय-सीमा में कार्य पूर्णता के लिए लक्ष्य निर्धारण महत्वपूर्ण

# हर घर तिरंगा अभियान से फैलेगी राष्ट्र प्रेम की नई लहर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के अध्यक्षता में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से हर घर तिरंगा अभियान व आगामी राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त की आवश्यक तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन ने विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन प्रकरण, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने राजस्व के लंबित मामलों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही त्रुटि सुधार प्रकरणों को जल्द निराकृत किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस काम में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर कड़ी कार्रवाई अनुशंसित करने की बात कही। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य को समय-सीमा में प्राप्त करने के लिए सबसे पहले उसका निर्धारण किया जाना अति आवश्यक है। सभी जनहित जारी कार्यों के लिए विभाग टारगेट सेट करके काम करेंगे, तभी काम समय-सीमा में पूरा हो पाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि रजत जयंती के कार्यक्रमों के लिए सभी अधिकारी निर्देशानुसार गतिविधियों की तैयारी कर लें। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन और अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। 12 अगस्त को जनदर्शन में 18 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने इन सभी आवेदनों को समय पर निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, राकेश साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### तिरंगा बाइक रैली, हर घर तिरंगा फहराने आह्वान

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि राष्ट्रध्वज तिरंगा हमारे देश का आन-बान-शान और गौरव है। स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के प्रकटीकरण का त्यौहार है। हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी जान न्यौछावर कर यह आजादी हमें भेंट की है। आज समय आ गया है कि हम उनके ऋण को उतारें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान वीर क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का उत्सव है। देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली 12 अगस्त को जिला मुख्यालय अनूपपुर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत बाइक रैली कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### जैतहरी महाविद्यालय एनएसएस इकाई ने निकाली रैली

**अनूपपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय जैतहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारे लगाते हुए महाविद्यालय परिसर से गोड़ान टोला लहरपुर के मुख्य मार्गों तक मार्च किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. संगीता उइके ने कहा कि हर घर तिरंगा का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को प्रबल बनाना है। रैली में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राज कुमार सिंह, महिला इकाई प्रभारी डॉ. खुशबू खान, श्रीमती रमा विश्वकर्मा, ग्रंथपाल श्याम बली कुमार सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवकों ने रैली के माध्यम से लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

### तुलसी महाविद्यालय में यात्रा का आयोजन

**अनूपपुर।** मंगलवार को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को महाविद्यालय प्रांगण से रवाना किया, जो जिला एवं सत्र न्यायालय होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। रैली में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जेके संत, प्रो. अजय राज सिंह राठौर, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, प्रो. शहबाज खान, डॉ. तरन्नुम सरवत सहित अनेक प्राध्यापकगण, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलंटियर सहित काफी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार की लोकप्रिय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत मिशन शक्ति हब महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बालिकाओं के प्रतिभा को सामने लाने एवं हर क्षेत्र में बालिकाओं के सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के द्वारा मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल एवं शासकीय मिडिल स्कूल चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तृतीय दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को आउटडोर गेम में खो खो, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, 100 मीटर दौड़, फ्लाइण्डनेस, चाफकलेट दौड़, रस्सी दौड़, फुगड़ी, बैडमिनटन, मेंढ़क दौड़, जैसे खेल एवं इनडोर में कैरम, लुडो, सांप सीढ़ी, जैसे खेलों का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रकार के खेलों में बालिकाओं ने पूर्ण आनंद प्राप्त किया।

बालिकाएं प्रत्येक खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इस खेल सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना एवं बालिकाओं के छिपे हुए प्रतिभा को दुनिया के सामने उजागर करना है। इसके लिए बालिकाओं को खेल के माध्यम से अधिक से अधिक सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि बालिकाएं भी हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सकें और समाज तथा देश में अपना अलग पहचान बना सके। खेल और अधिक रोचक बनाने एवं बालिकाओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी बालिकाओं को लिए पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग से रणधीर ठाकुर खेल ,युवा कल्याण विभाग से विनोद जायसवाल, स्कूल के प्राचार्य एल. टोप्पो, प्रधान पाठक, श्रीमती अपर्णा चक्रवती एवं समस्त शिक्षकगण ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति (हब) से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया साथ ही अनीता कुमारी साह वित्तीय साक्षरता समन्वय मिशन शक्ति हब कलावती सुपरवाइजर एवं देवंती बाई चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# किसानों को मिला 24 लाख रुपए का संबल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

**डीबीटी के जरिए 295 कृषकों के खातों में पहुंची राशि**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2024-25 के लिए पात्र किसानों को दावा भुगतान की ऐतिहासिक राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वचलित प्रणाली के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसके तहत बीमित किसानों के बैंक खातों में राशि सीधे अंतरित की गई। यह कदम किसानों को समय पर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और प्राकृतिक आपदा या फसल क्षति की स्थिति में उनकी आय की भरपाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में इस अवसर पर उप संचालक कृषि इन्द्रासन सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविशंकर सिंह वैश्य, सभापति कृषि स्थायी समिति विकासखंड मनेन्द्रगढ़ तथा जनपद पंचायत सदस्य आनंद सिंह कोथारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को किसानों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि यह योजना न केवल जोखिम प्रबंधन का साधन है बल्कि किसानों के आर्थिक आत्मनिर्भरता की गारंटी भी है। उप संचालक कृषि पैकरा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 295 कृषकों को लगभग 24 लाख रूपए की राशि जारी की गई है।

# रामानुज महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया गया एचआईवी के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के निर्देश, सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन और प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन जिला एड्स नियंत्रण समिति, युवा रेडक्रॉस इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब ने किया। जिला अस्पताल के डॉ. अभय जुगल तिर्की, डॉ. एके सिंह, तारा मरावी, सरोजनी राय और देवी प्रसाद सोनी ने एचआईवी-एड्स की रोकथाम, लक्षण और बचाव संबंधी जानकारी दी। एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से छात्रों को जागरूक किया।

प्राचार्य डॉ. हिमधर ने सभी को एचआईवी-एड्स प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव खत्म करने की शपथ दिलाई। दूसरे चरण में जन चेतना रैली का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ हरीझंडी दिखाकर किया गया। एड्स का ज्ञान बचाए जाने, जागरूकता ही बचाव है, हम सब ने ठाना है, एड्स मुक्त कोरिया बनाना है जैसे नारों के साथ रैली महाविद्यालय से ओड़गी होते हुए निकाली गई। रैली का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयश्री प्रजापति और अनुरंजन कुजूर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, जिला अस्पताल स्टाफ और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# सतनाम धाम स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

प्रगतिशील छग सतनामी समाज कोरिया द्वारा चरचा कॉलरी स्थित सतनाम धाम में अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद एवं मानव सेवा की प्रतिमूर्ति मिनीमाता जी की 53 वीं पुण्यतिथि तथा सतनाम धाम के 17 वें स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप संचालक कृषि विभाग कोरिया राजेश कुमार भारती तथा विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र कुमार सिंह सिस्टा और हीरालाल कुर्रे रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक निराला ने की। कार्यक्रम की शुरूआत गुरू घासीदास की पूजा-अर्चना से हुई, इसके बाद मिनीमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। सांस्कृतिक प्रभारी एमएस सोनवानी ने गीत प्रस्तुति के माध्यम से मिनीमाता के जीवन दर्शन को रेखांकित किया। स्वागत उद्बोधन जिला सचिव अरूण निराला ने दिया। इस अवसर पर व्यंजन और भाषण प्रतियोगिताएं हुई, इनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने मिनीमाता के सेवा, त्याग और संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को कई अतिथियों ने संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अशोक निराला ने संत समाज से संगठन और विकास के लिए समय देने की अपील की। आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष जागृत कुमार कुर्रे ने किया।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 11 अगस्त को संपन्न हुई। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जानकारी दी गई की जिले में संचालित किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के लंबित प्रकरणों को बताया गया। इसमें कलेक्टर द्वारा लंबित प्रकरणों को त्वरित निर्णय करने के लिए कहा गया।

बालगृह में दीर्घ अवधि से रह रहे बालको को पुर्नवार्सित किया जाए एवं जिले में बाल विवाह रणनीति बनाते हुए कार्य किया जाए, जिससे की जिला को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। समस्त समाज के प्रमुखो के महिला एवं पुरूषों की बैठक कर बाल विवाह मुक्त कोरिया बनाए जाने के लिए प्रयास किए जाए एवं जिले में स्कूल छात्रावास, महाविद्यालयों में बाल विवाह पाक्सो एक्ट, एक युद्ध नशे के विरूद्ध, चाईल्ड लाईन, सखी वन स्टाफ सेटर के टोल फ्री नंबर का प्रचार-प्रसार किया जाए। विकासखंड एवं नगरीय निकायों में बाल संरक्षण समितियों का गठन कर देखरेख संरक्षण वालो बच्चों पर कार्रवाई किया जाए, सड़क जैसी परिस्थिति में रहने वाले बच्चों को रेस्क्यू किया जाए, हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का कार्रवाई की जाए। बैठक में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग, श्रम विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं नावा विहान, जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण, जिला बाल संरक्षण इकाई के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति के पार्षद शैलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थानीय विश्राम गृह में आज बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी गणेश पूजन पर्व की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से पार्षद शैलेश कुमार सिंह को समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, निर्णायक समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच संचालन, मीडिया, प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया, महिला संयोजिका तथा गणपति धाम व्यवस्था सहित सभी कार्यों हेतु समितियों का गठन किया गया तथा जिम्मेदारी सौंपी गईं।

गणेश पूजन पर्व का शुभारंभ 27 अगस्त से होगा जो 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। पर्व का समापन शहर के घड़ी चौक पर आयोजित सामूहिक विसर्जन कार्यक्रम से होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में शहर भर के सभी गणपति पंडाल एकत्रित होकर एक साथ भगवान गणेश का पूजन, चरण वंदन तथा विसर्जन करेंगे। समिति ने इस वर्ष गणेश उत्सव को अधिक व्यवस्थित और भव्य स्वरूप देने हेतु पंडालों को दो वर्ग वरिष्ठ और कनिष्ठ में विभाजित किया है। इन वर्गों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ पंडाल, सज्जा, और स्वच्छता के लिए अलग-अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति धाम में भव्य महाआरती का निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया और अध्यक्ष शैलेश सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक बनेगा। गणपति धाम, हाथी पखना में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा की स्थापना तथा मंदिर निर्माण कार्य भी तीव्र गति से जारी है।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## पृष्ठ 1 का शेष

### चिरमिरी में ...

के रूप में निकाली गई, जहां लगभग हजारों की संख्या में बाइक पर सवार भारत माता के सपूत शामिल रहे। यहां भी विशेष रूप से क्षेत्र के विधायक एवं छग सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिरमिरी के प्रथम नागरिक रामनरेश राय, निगम सभापति संतोष सिंह, पूर्व सभापति श्रीमती सुनीता सिंह, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, जमुना पांडे, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, रामलखन सिंह, अभय जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन संपन्न हुआ। उक्त तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर एवं मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी व रीत जैन ने सभी प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय सम्माननीय नागरिकों की मौजूदगी, तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक कार्यक्रम का रूप देने में सफल रहा। विदित हो कि चिरमिरी भाजपा मंडल द्वारा आयोजित तिरंगा बाइक रैली भाजपा चिरमिरी मंडल कार्यालय के पास से शुरू होकर यात्रा गोदरीपारा मुख्य मार्ग, डोमनहिल, हल्दीबाड़ी, पंडित दीनदयाल चौक होते हुए पुनः हल्दीबाड़ी, बड़ा बाजार के दुर्गा पूजा पंडाल तक पहुंची, जहां आमसभा के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल और चिरमिरी भाजपा मंडल के पदाधिकारी यात्रा के दौरान सभी चौक-चौराहों में स्थापित देश के महापुरूषों और शहीद जवान राजेश पटेल के शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित किए।

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26 बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा


स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक 11 सितंबर 2025 05 नवंबर 2025 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-16501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411